

# खिलचीपुर सीएमओ और उपयंत्री निलंबित

## 22 फाइलों में पकड़ी गड़बड़ी, घटिया निर्माण की शिकायत के बाद जांच दल ने रिपोर्ट दी

**घटिया निर्माण कार्यों में नगर परिषद सीएमओ और उपयंत्री निलंबित**

**22 फाइलें जब्त, गुणवत्ता में अनियमितताएं मिलीं**




नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 28 नवंबर, सं. नगर परिषद में घटिया निर्माण कार्यों की शिकायतों पर बड़ी कार्रवाई की गई है. जांच में अनियमितताएं पाए जाने के बाद गुरुवार को तत्कालीन मुख्य नगरपालिका अधिकारी ( सीएमओ ) अशोक पांचाल और उपयंत्री अमृत बघेला को निलंबित कर दिया गया है. यह कार्रवाई कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर की गई.**

### और भी फाइलें खोली जा सकती हैं

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई केवल प्रारंभिक चरण है। नगर परिषद में पिछले वर्षों में हुए अन्य निर्माण कार्यों की भी विभिन्न स्तरों पर जांच जारी है। संभावना है कि आने वाले समय में और भी फाइलें खोली जा सकती हैं और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती है .नगर परिषद में लंबे समय से उठ रहे सवालों और उपाध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों की शिकायतों के बाद हुई इस कार्रवाई को नगर में पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है .




कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) खिलचीपुर, कार्यपालन यंत्री राजगढ़ और परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण को शामिल कर एक जांच दल का गठन किया था . इस दल ने 26 नवंबर 2024 को नगर परिषद कार्यालय का दौरा किया . जांच के दौरान, टीम ने 22 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों से संबंधित फाइलें जब्त की और उन्हें राजगढ़ भेज दिया . इन कार्यों की गुणवत्ता पर कई महीनों से सवाल उठ रहे थे .

जांच दल की रिपोर्ट में सामने आया कि पिछले वर्षों में हुए कई निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थे . इनमें गुणवत्ता की कमी, अपूर्ण कार्य और माप में अनियमितताएं पाई गईं . कलेक्टर की अनुशंसा पर दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया . निलंबन अवधि के दौरान अशोक पांचाल का मुख्यालय उज्जैन और अमृत बघेला का मुख्यालय भोपाल रहेगा .



# अवैध शराब अड्डों पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

**सारंगपुर 28 नवंबर, सं.** नगर में आबकारी संयुक्त दल द्वारा अवैध मदिरा संग्रहण, विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर भारी मात्रा में अवैध मदिरा बरामद कर ताबडतोड कार्रवाई की गई. सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा वृत्त सारंगपुर क्षेत्र के कंजरअड्डों, ग्राम टिकोद, रेठानी, बुडनपुर मे मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क/च के तहत 12 प्रकरण कायम कर 39.6 ली देशी प्लेन, 54 ली हाथ भट्टी कच्ची मदिरा जप्त की गयी एवं 280 किलो महुआ लहान विधिवत रूप से मौके पर नष्ट किया.

संपूर्ण कार्रवाई में 39.6 बल्क लीटर देशी प्लेन मदिरा, 94 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 370 किलोग्राम महुआ लहान विधिवत रूप सेजप्त किए गया.इस मौके पर वृत्त राजगढ प्रभारी शैलेंद्र वर्मा, वृत्त खिलचीपुर प्रभारी अंकित चौहान, वृत्त ब्यावरा प्रभारी दीपक राजपूत, परिवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक अर्चना भवारे, मुख्य आरक्षक मोहन यादव, गौरीशंकर विजयवर्गीय, इमरान खान, संजय देशवाली, महिमा मीना, गौतम लोधी, शिवम पचाया, विकास,दिव्यांशी गौर ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया.

## एक नजर में

### मेडिकेयर कॉलेज के विद्यार्थी प्रवीण सूची में

**सारंगपुर 28 नवंबर, सं.** मेडिकल इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस कॉलेज सारंगपुर का मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा बी.एम.एल.टी प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया. मेडिकेयर कॉलेज की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सांत्वना सिंह यादव ने बताया कि बी.एम.एल.टी प्रथम वर्ष बैच 2022-23 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है. जिसमें मुख्य परीक्षा हेतु 66 और पूरक परीक्षा हेतु 10 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे बी.एम.एल.टी प्रथम वर्ष में मुख्य परीक्षा में नदीम हुसैन ने 887 अंक प्राप्त कर प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया. मनीषा कारपेंटर ने 854 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, नीलम पाटीदार ने 844 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया. मेडिकेयर कॉलेज राजगढ़ जिले का एकमात्र पैरामेडिकल कॉलेज है जिसमें अत्याधुनिक तरीकों से अध्यापन करवाया जाता है एवं जो विद्यार्थी बी.एम.एल.टी पूर्ण कर चुके हैं वह विद्यार्थी मास्टर डिग्री में एडमिशन ले सकते हैं.

### खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग

**सारंगपुर 28 नवंबर, सं.** खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है, विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व तब और बढ़ जाता है जब हम नियमों का पालन कर हार जीत को सहर्ष स्वीकार कर आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते हुए संकल्प लेते हैं कि अगली बार श्रेष्ठ कर परिणाम आशानुरूप देंगे. उक्त प्रकार का उद्बोधन उज्जैन धर्मप्रान्त के बिशप डॉ. स्वास्टीन वक्कल ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में व्यक्त किए. अवसर था सेंट जॉर्ज कॉनवेंट हाईस्कूल सारंगपुर के स्पोर्ट्स डे के शुभारंभ का. अतिथियों का स्वागत बैंड द्वारा एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ. विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया. इस अवसर पर संस्था प्रबंधक मैनेजर फॉदर पॉल, प्रिंसिपल सिस्टर मर्लिन एवं वाइस प्रिंसिपल अमजीत एवं संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी. बच्चों का उत्साह भी अभूतपूर्व था.

### सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती 01 दिसम्बर से

**राजगढ़ 28 नवंबर, का.** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती केम्प का आयोजन 1 दिसम्बर 2025 को न्यू तहसील आजीविका भवन ब्यावरा में किया जाएगा. इसी प्रकार 2 दिसम्बसर को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में, 3 दिसम्बर को जनपद पंचायत जीरापुर में, 4 दिसम्बर को जनपद पंचायत खिलचीपुर में, 05 दिसम्बसर को जनपद पंचायत राजगढ़ में तथा 6 दिसम्बर को आजीविका भवन सारंगपुर में भर्ती शिविरों का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 3 बजे तक किया जाएगा. चयनित युवाओं को जयपुर में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नोकरी दी जाएगी. औद्योगिक क्षेत्रों में जैसे दिल्ली का लाल किला, ग्वालियर का किला, झांसी का किला, खजुराहो का मंदिर, सांची स्तूप, आगरा का ताजमहल, ग्वाझलियर का किला, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक आदि.

# संसार का आश्रय त्याग परमात्मा पर असित रहें-प्राची



नवभारत न्यूज

**पचोर 28 नवंबर, सं. श्री राम भक्त हनुमान मंदिर भोजपुरीया पर चल रही संगीतमय श्री राम कथा वाचन करते हुए विदुषी प्राची जी वैष्णवी ने कहा कि जब तक हम संसार के लोगों पर परिवार पर आश्रित रहते हैं तब तक परमात्मा हमारी मदद नहीं करता है. जब हम परमात्मा पर आश्रित हो जाते हैं तो वह हमारी मदद करता है.**

विदुषी प्राची जी ने कहा कि चीरहरण के दौरान जब तक द्रोपती अपने पतियों एवं भीष्म पितामह पर आश्रित रही तब तक भगवान द्रोपदी की मदद करने नहीं आए जब द्रौपदी को लगा कि भगवान के अलावा मेरी कोई मदद नहीं कर सकता है तब उन्होंने भगवान को याद किया और भगवान कृष्ण ने द्रोपती की चीरहरण में चीर ब?ाकर द्रौपदी की मदद की. श्री राम कथा 25 नवंबर से 3 दिसंबर 2025 तक चलेगी संगीत में राम कथा का वाचन विदुषी प्राची जी भक्ति वैष्णवी के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 तक रहेगा. संगीतमय श्री राम कथा एवं लक्ष्मी नारायण महायज्ञ निशुल्क कन्या विवाह में सभी धर्म प्रेमी नागरिकों से श्री श्री हनुमान सेवा समिति सुंदरकांड समिति एवं नगर वासियों ने आयोजन में तन मन धन से सहयोग करने का आग्रह किया है. समिति द्वारा सभी आयोजनों में उपस्थित रहकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। इसी के साथ 4 दिसंबर को नगर भंडारा के सात कन्याओं का विवाह संपन्न होगा.



# विभिन्न गांवों में जलापूर्ति योजनाओं का किया निरीक्षण

**राजगढ़ 28 नवंबर, का.** जल निगम महाप्रबंधक उमाकांत चौधरी द्वारा कुण्डालिया नल जल समूह योजना के ठेकेदार एल एण्डं टी टीम के साथ विभिन्न ग्रामों जेथली, हीरापुरा, रूपाहेड़ा एवं चिताविया गांवों में जलापूर्ति योजनाओं का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान सभी गांवों में नियमित जलापूर्ति की प्रगति एवं गुणवत्ता एवं सीसी रोड के संबंध की विस्तृत समीक्षा की. इस अवसर पर एसक्यू सी टीम लीडर योगेंद्र सिंह तोमर, उपप्रबंधक रवि यादव, तथा एल एण्डिटी प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्ष सहित जल निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने एवं जलापूर्ति व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए.

# वार्ड 13 में नाली स्थानीय लोगों के लिए खतरा बनी

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 28 नवंबर, सं.** खिलचीपुर के वार्ड क्रमांक 13 में बनी 4 फीट गहरी नाली स्थानीय लोगों के लिए खतरा बन गई है. बुधवार रात एक गाय इसी नाली में गिर गई, सुबह तक उसकी मौत हो गई. गुरुवार को जब लोगों की नजर नाली में पड़े शव पर पड़ी, तो वार्ड में आक्रोश फैल गया. सूचना मिलने पर नगर परिषद के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मृत गाय को बाहर निकालकर वाहन में ले गए. वार्डवासी इसे एक अकेली मौत नहीं मानते. उनका कहना है कि पिछले एक वर्ष में मवेशियों की यह दसवीं मौत है, फिर भी नाली को ढंकने या सफाई का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया. वार्डवासी शिवलाल मालाकार ने कहा कि हमारे वार्ड में इस गहरी नाली के कारण बार-बार हादसे हो रहे हैं. हमने सीएमओ, दरोगा, मेट और पार्षद सभी को कई बार बताया, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई. 181 पर भी कई शिकायतें की हैं, पर आज तक एक अधिकारी भी यह देखने नहीं आया कि इतनी गहरी नाली क्यों बनाई गई और इसे ढंका क्यों नहीं गया. सफाई भी महीनों तक नहीं होती. उन्होंने कहा कि नाली इतनी गहरी है कि एक बार मवेशी या इंसान गिर जाए तो बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है.

### महिलाओं की चिंता- बच्चों की सुरक्षा खतरे में

वार्ड की महिलाएँ भी बेहद चिंतित हैं. उनका कहना है कि हमारे छोटे बच्चे खेलते-खेलते कई बार नाली के पास पहुंच जाते हैं। डर लगा रहता है कि कहीं कोई बच्चा फिसलकर नीचे न गिर जाए। पहले ही इतने हादसे हो चुके हैं, अब किसी इंसान के साथ घटना न हो इसलिए हमें तुरंत कार्रवाई चाहिए.

### नाली ढके, सफाई और निरीक्षण नियमित हो

स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि नाली को तत्काल ढंका जाए, नियमित सफाई की व्यवस्था हो और वार्ड में निरीक्षण कर सुरक्षा के पुख्ता उपाय किए जाएं . उनका कहना है कि जब तक नगरपालिका ठोस कदम नहीं उठाती, यह नाली किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है .

**गड्ढे से पटे क्लब ग्राउण्ड पर मवेशियों से करना पड़ता सामना**

# रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड पर मवेशियों का कब्जा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 28 नवम्बर, का. नगर के शहीद कॉलोनी स्थित सार्वजनिक खेल मैदान पर खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों के बीच मैदान पर हो रहे गड्ढे और मवेशियों का सामना करना पड़ता है. मैदान पर इन हालातों से हर समय जोखिम बना रहता है. कुछ इस तरह के हालात स्थानीय रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड एवं कृषि मंडी सहित अन्य सार्वजनिक जगहों पर देखे जा सकते है. भागते-दौड़ते मवेशियों के कारण हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है.**

विदित है कि नगर में एकमात्र सार्वजनिक खेल मैदान शहीद कॉलोनी स्थित क्लब ग्राउण्ड है, जहां बड़ी संख्या में खिलाड़ी, बच्चे, युवा हर दिन खेल गतिविधियों के लिए आते है, लेकिन ग्राउण्ड के हालात खिलाडियों के लिए किसी जोखिम से कम नहीं है.

### मैदान पर विचरण करते मवेशी

खेल मैदान पर मवेशियों के झुंड विचरण करते हुए देखे जा सकते है. खिलाड़ियों को इन मवेशी से भी बचते हुए खेलना पड़ता है. मैदान पर हो रहे गड्ढो से अपने को बचाते हुए खिलाड़ियों को मैदान पर विचरण करने वाले



मवेशियों से भी अपने को बचाना पड़ता है. कई बार मवेशी मैदान पर दौडने भागने लगते है. हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है. मैदान के बीच हो रहे गड्ढे में अनजाने में पैर चले जाने से कई खिलाड़ी चोटिल भी हो चुके है.

इस तरह ग्राउण्ड पर हो रही अव्यवस्थाओं के कारण खिलाड़ियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है. खेल मैदान पर काफी दिनों से गड्ढे हो रहे है जिससे खेल गतिविधियों के दौरान डर बना रहता है. समय रहते मैदान पर हो रहे इन गड्ढो को व्यवस्थित किया जाना जरुरी है ताकि बिना किसी जोखिम के यहां खेल गतिविधियों का संचालन हो सके.

### यात्री प्रतिक्षालय में मवेशियों की मौजूदगी

रेलवे स्टेशन हो या फिर बस स्टेण्ड परिसर यहां बड़ी संख्या में मवेशियों का जमघट बना रहता है . रेलवे स्टेशन यात्री प्रतिक्षालय में जहां यात्री अपनी ट्रेन का इंतजार करते रहते है उस बीच यहां मवेशियों के झुंड के झुंड आ धमकते है . इसी तरह बस स्टेण्ड परिसर में भी मवेशियों का जमावड़ा देखा जा सकता है . अनेक बार रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड पर मवेशी दौड़ने-भागने लगते है, जिसके कारण लोग इनकी चपेट में आ जाते है कई बार इनकी चपेट में आने से यात्री चोटिल तक हो चुके है . साथ ही यात्रियों के पास मौजूद खाद्य सामग्री व अन्य सामान मवेशी हाथो में से खींच लेते है .


